कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सागर

दूरभाष क्रमांक 07582–223644, ईमेल– deosag-mp@nic.in

क्रमांक / शिक्षा / सामान्य / ग्रीष्मकाल / 2026 / 3373 सागर, दिनांक 22 / 04 / 2026

/ /आदेश/ /

जिले में तापमान में वृद्धि होने के कारण विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कार्यालयीन आदेश क्रमांक / शिक्षा / सामान्य / ग्रीष्मकाल / 2026 / 3063 सागर, दिनांक 14.04.2026 के द्वारा सागर जिले में संचालित समस्त शासकीय / अशासकीय / केन्द्रीय विद्यालय / जवाहर नवोदय विद्यालय / आई.सी.एस.ई. / सी.बी. एस.ई. / अन्य मान्यता प्राप्त शालाओं के अध्यापन का समय प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया गया था।

दिनांक 22.04.2026 को जिले में तापमान 42 डिग्री से अधिक होने एवं आगामी दिवसों में तापमान में वृद्धि होने की संभावना के दृष्टिगत शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए प्री–प्राइमरी से कक्षा 5वीं तक के समस्त शासकीय / अशासकीय / केन्द्रीय विद्यालय / जवाहर नवोदय विद्यालय / आई.सी.एस.ई. / सी.बी.एस.ई. / अन्य मान्यता प्राप्त समस्त शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए दिनांक 23.04.2026 से 30.04.2026 तक का अवकाश घोषित किया जाता है। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अध्यापन का समय प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक यथावत रहेगा। शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर विद्यालयीन कार्य करेंगे। शासन द्वारा पूर्व से निर्धारित परीक्षा आदि आवश्यक कार्यक्रम यथावत समय सारणी अनुसार संचालित रहेंगे।

यह आदेश दिनांक 23.04.2026 से प्रभावशील होगा ।

(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सागर

पृ क्रमांक / शिक्षा / सामान्य / ग्रीष्मकाल / 2026 / 3374 सागर, दिनांक 22 / 04 / 2026

प्रतिलिपि :–

01. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय म०प्र० भोपाल ।
02. आयुक्त, सागर संभाग सागर।
03. कलेक्टर, जिला सागर।
04. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सागर म० प्र०।
05. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सागर संभाग सागर।
06. जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र सागर म०प्र०।
07. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी / समस्त बी.आर.सी.सी. जिला सागर म०प्र० की ओर की ओर सूचनार्थ।
08. समस्त प्राचार्य / प्रधानाध्यापक, शासकीय / अशाकीय / केन्द्रीय विद्यालय / जवाहर नवोदय विद्यालय / आई.सी.एस.ई. / सी.बी. एस.ई. / अन्य मान्यता प्राप्त समस्त शालायें जिला सागर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सागर